आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 11.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. दो हजार आठ मुम्बई आंतकी हमलों के मास्टर माइन्ड तहव्वुर हुसैन राणा को कल एन आई ए. द्वारा विशेष विमान से अमेरिका से दिल्ली लाया गया।

2. पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा की प्रकिया आरंभ।

3. श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद द्वारा अमृत 2.0 योजना के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यकम आयोजित।

4. प्रदर्शनी मैदान में चल रहे दस दिवसीय अण्डमान निकोबार पुस्तक मेले का कल समापन हो गया।

<><><><><><><>

26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को एन.आई.ए. की विशेष अदालत ने अट्ठराह दिन की एन आई ए हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष अदालत में तहव्वुर राणा को पेश कर एन.आई.ए. ने उसकी बीस दिन की हिरासत मांगी। तहव्वुर राणा को अमरीका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड–एन.एस.जी. और एन.आई.ए.के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम लॉस एंजिल्स से एक विशेष विमान से राणा को दिल्ली लेकर आई। राणा को विमान से उतरते ही हवाई अड्डे पर मौजूद एन.आई.ए. टीम ने गिरफ्तार कर लिया। उसे मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया और देर रात पटियाला हाउस कोर्ट में एन.आई.ए. के विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया।

<><><><><><><>

वेव एक्सटेंडेड रियल्टी क्रिएटर हैकथॉन विजेताओं की कल घोषणा की गई। कुल पांच टीमों को विजेता घोषित किया गया। विजेताओं में विभिन्न शहरों और संस्थानों के छात्र, पेशेवर और उद्यमी शामिल हैं। यह हैकथॉन क्रिएट–इन–इंडिया चैलेंज सीजन–एक का हिस्सा है, जिसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा वेव–लैप्स के सहयोग से विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेब्स के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया। हैकथॉन का उद्देश्य पांच विषयगत श्रेणियों में इमरसिव तकनीक में भारत की उपस्थिति को बढ़ाना है। ये क्षेत्र हैं स्वास्थ्य सेवा–फिटनेस और कल्याण, शैक्षिक परिवर्तन, इमरसिव पर्यटन, डिजिटल मीडिया और मनोरंजन,

और ई–कॉमर्स–खुदरा व्यापार। इस हैकथॉन के लिए पूरे देश से दो हजार दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र से संबंधित वृहद आयोजन पहला विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन अगले महीने मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। नामांकन की अंतिम तिथि इक्कतीस जुलाई है। नामांकन और अनुशंसा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **www.padmaawards.gov.in** पर की जा सकती है। पद्म पुरस्कारों के अंतर्गत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार आते हैं। यह पुरस्कार कला, साहित्य तथा शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग सहित विभिन्न विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिये जाते हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन केवल गृह मंत्रालय द्वारा डिजाइन किए गए ऑनलाईन पोर्टल पर ही प्राप्त किए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप के अनुसार ही अपना विवरण पोर्टल पर भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद ने अमृत 2.0 योजना के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत नगर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जल संचय और वर्षा जल संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता दो श्रेणियों में होगी, जिसमें पहली श्रेणी में पहली से आठवीं कक्षा के छात्र भाग लेंगे, जबकि दूसरी श्रेणी में नवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्र इस विषय पर अपने विद्यालय में नारा लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इच्छुक विद्यार्थी नौ चार तीन चार दो आठ सात एक नौ तीन पर कॉल कर चित्रकला और नारा लेखन की प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं। सभी प्रविष्टियों का संग्रह आज और कल किया जाएगा।

<><><><><><><>

हनुमान जयंती के अवसर पर श्री विजयपुरम के चिन्मय मिशन में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम कल सुबह नौ बजे सुंदरकांड पाठ से शुरू होगा। साढ़े दस बजे अभिषेकम और

अर्चना के बाद ग्यारह बजकर पन्द्रह मिनट पर सत्संग आरंभ होगा। प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रशासन के  कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा प्रदर्शनी मैदान में आयोजित दस दिवसीय 'अंडमान निकोबार पुस्तक मेला' कल संपन्न हो गया। इस मेले का उद्देश्य द्वीपों के लोगों, विशेषकर छात्रों और युवाओं में पढ़ने के प्रति प्रेम और साहित्यिक संस्कृति को बढ़ावा देना था। समापन समारोह में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने प्रशासन के साथ सहयोग करने के लिए राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की सराहना की। उन्होंने प्रकाशकों को द्वीपों का दौरा करने और पुस्तक स्टॉल लगाने के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्य सचिव ने कहा कि बच्चों, विद्यार्थियों और युवाओं में पढ़ने की आदत विकसित करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी द्वीपों में स्कूल लाइब्रेरी सहित पुस्तकालयों की अच्छी संख्या है। समापन समारोह में मुख्य सचिव ने पुस्तक मेले को सार्थक बनाने में योगदान देने के लिए एन बी टी अधिकारियों, स्रोत व्यक्तियों और कलाकारों को भी सम्मानित किया। पुस्तक मेले में इक्कतीस स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें भारत के विभिन्न प्रकाशकों की विभिन्न विधाओं और लेखकों की लगभग तीस हजार पुस्तकें प्रदर्शित की गई थीं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में डॉ. बी आर अम्बेडकर जयंती के अवसर पर चौदह अप्रैल यानि सोमवार को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। इस आशय की जानकारी उप–राज्यपाल कार्यालय की ओर से दी गई है।

<><><><><><><>

आम जनता, उपभोक्ताओं और सरकारी विभागों को सूचित किया गया है कि कल सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक गराचरमा और टेलराबाद जंक्शन क्षेत्र के पास एच टी लाइनों के काम के सिलसिले में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में सिप्पीघाट, बिंम्बलीटान, छोलदारी, नामुनाघर जंक्शन, वंडूर, मंगलुटान, गुप्तापाडा, नयाशहर और धन्नीखाड़ी शामिल है। बिजली का कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

<><><><><><><>

**ePDS** सिस्टम को **SMART PDS** सिस्टम में बदलने के कारण सभी राशन कार्ड सेवाएँ अस्थायी रूप से अनुपलब्ध रहेंगी। यह कार्य बीस अप्रैल तक पूरा होने की संभावना है।

<><><><><><><>

खेल विभाग फुटबॉल टूर्नामेंट–2025 की शुरुआत पन्द्रह अप्रैल से होगी। सभी टीम मैनेजरों को मैचों के निर्धारित समय के अनुसार मौजूद रहने के लिए सूचित किया गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह पन्द्रह अप्रैल को शाम पांच बजे किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान सभी पंजीकृत टीमों को उचित टीम जर्सी के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन द्वारा अतिकमण हटाओं अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य अनधिकृत संरचनाओं को हटाना और सरकारी भूमि और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करना है। हाल ही में श्री विजयपुरम तहसील के राजस्व अधिकारियों ने दुध लाइन गांव में घेराबंदी और एक अस्थायी अनधिकृत संरचना को हटाया और कुल एक हजार वर्ग मीटर सरकारी भूमि को अतिकमण मुक्त किया। जिला प्रशासन ने जनता से अवैध अतिक्रमण से दूर रहने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

पद्म पुस्कारों के लिए ऑनलाइन नामाकंन आमंत्रित किए जाने की खबर को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। इसके अलावा अखबार ने प्रदर्शनी मैदान में आयोजित दस दिवसीय पुस्तक मेले का कल समापन होने की खबर को भी सचित्र प्रकाशित किया है। केन्द्र सरकार द्वारा पी एम पोषण योजना के अंतर्गत सामाग्री लागत में नौ दशलमव पांच फीसदी की वृद्धि होने की खबर को द्वीप समाचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। द इको ऑफ इंडिया ने खेल विभाग फुटबॉल टुर्नामेंट के पन्द्रह अप्रैल से शुरू होने की खबर को प्रमुखता दी है। इंफो इंडिया ने उपराज्यपाल द्वारा राजनिवास में अण्डमान निकोबार यातायात पुलिस की ई–चालान प्रणाली का शुभारंभ करने की खबर को पहले पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>